an>

Title: Need to appoint bima agent for insurance of farmers and poors under 'Atal Pension Yojana' and Jeevan jyoti Yojana'.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं भारत सरकार की 'अटल पेंशन योजना' की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। इस योजना के माध्यम से किसानों और कृषक मजदूरों को जीवन की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया है, लेकिन यह काम बैंकों को सौंपा गया है। आपको इस देश के वतावरण के बारे में मालूम है कि गांवों के लोग बीमा योजनाओं का लाभ लेने के लिए उतने जागरूक नहीं हैं। इसी वजह से सारी बीमा कंपनियां अपना एजेंट नियुक्त करती हैं और उन एजेंटों के माध्यम से वे अपना बीमा करवाते हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि 'अटल पेंशन योजना' के मामले में भी अभिकर्ता नियुक्त किये जायें और वे एजेंट गांव-गांव जाकर किसानों और मजदूरों का बीमा करवायें। इसी तरह से 'जीवन ज्योति योजना' और 'जीवन सुरक्षा योजना' का काम भी बैंकों के ऊपर न छोड़ कर, गांवों में जाकर उनके लिए एजेंट नियुक्त करें और एजेंट बीमा पंजीकरण करायें ताकि उन्हें बीमा योजना का लाभ मिल सके।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Janardan Mishra.